# अवैध रेत खनन में लगी पनडुब्बी और मोटरबोट जब्त

▸ राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा/नर्मदापुरम, 21 मई. जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नर्मदा नदी में संचालित एक पनडुब्बी और मोटरबोट जब्त की है. यह कार्रवाई कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई.**



प्रशासनिक टीम ने तहसील सिवनी मालवा के ग्राम पथाडा क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की. जांच के दौरान नर्मदा नदी में अवैध रूप से रेत उत्खनन किया जा रहा था, जिसमें एक पनडुब्बी और एक मोटरबोट का उपयोग किया जा रहा था. टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को जब्त कर लिया. जब्त किए गए वाहनों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए शिवपुर पुलिस थाना की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है. मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन और भंडारण के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जाए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी. प्रशासन ने कहा कि अवैध खनन पर निगरानी बढ़ाई जा रही है.

## पति की हत्या के मामले में पत्नी को उम्रकैद

**नर्मदापुरम, 21 मई.** पति की हत्या के मामले में आरोपी पत्नी सेवंती धुर्वे को सत्र न्यायालय ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है. यह फैसला नर्मदापुरम सत्र न्यायालय द्वारा सुनाया गया. अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक शैलेन्द्र कुमार गौर ने पैरवी की.

अभियोजन के अनुसार, सूचनाकर्ता रंगलाल चौहान ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम खातेगांव, थाना रोशनी, जिला खंडवा का निवासी है और ग्राम रोहना में सुधीर सिंह चौहान के खेत पर काम करता है. उसके साथ उसका चचेरा भाई राजू धुर्वे भी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ खेत के खलिहान में रहकर मजदूरी करता था. घटना 06 अक्टूबर 2025 की है, जब राजू धुर्वे अत्यधिक शराब के नशे में था. अगले दिन सुबह उसकी पत्नी ने बताया कि वह सुबह कहीं चला गया है. इसके बाद दोपहर में खेत में धान के खेत के पास राजू धुर्वे का शव पड़ा मिला, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई. पुलिस जांच के दौरान आरोपी पत्नी सेवंती धुर्वे को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. उसके बयान के आधार पर घटना में प्रयुक्त हंसिया तथा मृतक के कपड़े बरामद किए गए .अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं 2000 रुपए अर्थदंड तथा धारा 238 के तहत तीन वर्ष के कठोर कारावास एवं 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई.

# लाइनमैन ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

▸ सीएम हेल्पलाइन में की शिकायत

नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी, 21 मई. बिजली कंपनी के चांदोन वितरण केंद्र में पदस्थ एक लाइनमैन ने अपने कनिष्ठ अभियंता (जेई) पर मानसिक प्रताड़ना और ट्रांसफर के नाम पर रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया है.**

वरिष्ठ अधिकारियों और विभाग से न्याय न मिलने पर पीड़ित लाइनमैन ने 'सीएम हेल्पलाइन' पर गुहार लगाई है. मामला स्थानीय सांसद के गृह क्षेत्र चांदोन का बताया जा रहा है.पीड़ित लाइनमैन कविंद्र सिंह मरकाम ने अपनी शिकायत में बताया कि करीब 8 महीने पहले उनका स्थानांतरण मलकजरा से चांदौन किया गया था. चांदौन क्षेत्र के अंतर्गत कुल 6 फीडर आते हैं. इस क्षेत्र के लिए विभाग ने 6 आउटसोर्स कर्मचारी जिसमें एक चालक भी शामिल है लेकिन लाइनमैन मरकाम को कोई भी हेल्पर नहीं दिया गया है. कुछ आउटसोर्स कर्मचारी तो महीने में बमुश्किल एक-दां बार ही काम पर आते हैं. हेल्पर न होने के बावजूद लाइनमैन पर अकेले ही 24 घंटे ड्यूटी करने का दबाव बनाया जाता है. ग्राहकों की शिकायतें सुनना, फाल्ट सुधारना और बिजली बिल की वसूली करना, यह सारे काम उन्हें अकेले ही संभालने पड़ रहे हैं. लाइनमैन मरकाम ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि वे चांदोन सबस्टेशन के अंतर्गत रिकॉर्ड 28 लाख रुपये की पेंडिंग रिकवरी (वसूली) की है. इस बेहतरीन परफॉर्मेंस की सराहना करने के बजाय जेई महेंद्र गोंडे द्वारा लगातार उनका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है.आरोप के मुताबिक जेई ने लाइनमैन के ही एक साथी कर्मचारी के माध्यम से चांदौन से मलकजरा स्थानांतरण कराने के एवज में 25 से 30 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की है.

**इनका कहना है**

लाइनमैन द्वारा काम में लापरवाही की जा रही है जिस कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, आरोप निराधार है.

महेंद्र गोंडे,
जेई, चांदोन

लाइनमैन के विरुद्ध लापरवाही की शिकायत के पत्र जेई ने दिए हैं, मैने एई बनखेड़ी को जांच के लिए निर्देशित किया है.

दिनेश भदौरिया,
डीई पिपरिया

## एक नजर में...

### ग्वाल नर्मदा सेना ने लिया स्वच्छ तट का संकल्प



**नर्मदापुरम, 21 मई.** मां नर्मदा नदी के स्वच्छ तट बनाए रखना ही ग्वाल नर्मदा सेना का मुख्य संकल्प है. इसी उद्देश्य को लेकर ग्वाल नर्मदा सेना द्वारा स्वच्छता अभियान लगातार चलाया जा रहा है. यह अभियान प्रत्येक गुरुवार सुबह 8:30 बजे से 10 बजे तक आयोजित किया जाता है. गुरुवार को भी नर्मदा तट पर स्वछता अभियान चलाया गया. इस स्वछता सेवकों का कहना था कि न गंदगी फैलाएंगे, न फैलने देंगे. ग्वाल सेना अध्यक्ष मोहन यादव ने नर्मदा तट पर उपस्थित लोगों से मां नर्मदा को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाए रखने में अपना योगदान देने की अपील की. इस अवसर पर धनराज यादव, सुनील यादव सहित अन्य मौजूद थे.

### खिरकिया सीएमओ पर लगा 2 हजार का अर्थदंड

**हरदा, 21 मई.** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को चिन्हित सेवाएं निर्धारित समय सीमा में देने का प्रावधान है. इस अधिनियम के तहत सेवाओं को समय सीमा में न देने पर दोषी अधिकारी पर अर्थदंड लगाने का प्रावधान किया गया है. मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद खिरकिया महेन्द्र शर्मा द्वारा एक आवेदन पत्र का निराकरण निर्धारित समय सीमा में नहीं किया गया. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने आवेदक को निर्धारित समय सीमा में सेवाएं उपलब्ध न कराने के मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरकिया महेन्द्र शर्मा पर कुल 2 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया. शर्मा को यह राशि सात दिवस की समय सीमा में चालान द्वारा जमा कराने के निर्देश दिये गये है.

### अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत हुई बैठक

**पिपरिया, 21 मई.** एसडीएम कार्यालय में एसडीएम आकिप खान ने अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत बैठक ली. बैठक में एससी-एसटी से संबंधित राहत प्रकरण एवं अन्य महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की गई. मीटिंग में टीआई आदित्य सेन, विजय सनस, एमएस बट्टी,जनपद सीईओ प्रबल अरजरिया उपस्थित रहे. इस दौरान अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की.

### कीटनाशक दवा विक्रेताओं की दुकानों की जांच

**पिपरिया, 21 मई.** एसडीएम ने खाद कीटनाशक दवा व कृषि सामग्री विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया. इस दौरान खाद और कीटनाशकों के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया. एसडीएम ने कृषि विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार के साथ एचके कृषि केंद्र में स्टॉक का मिलान की जांच की जो सही पाया गया. जांच के दौरान पीओएस मशीन और ई-टोकन ऐप में एसएसपी स्टॉक दर्ज था, वह भौतिक रूप से भी सही पाया गया. इसके अतिरिक्त दुकान में यूरिया स्टाक अनुसार मिला. टीम ने यहां वितरण रजिस्टर और ई-विकास पोर्टल की प्रविष्टियों की भी जांच की. लालचंद मोहनलाल की दुकान में स्टॉक में अंतर मिला. दुकान की जांच के दौरान 20:20:0:13 खाद के स्टॉक में पोर्टल पर केवल 2 बोरी स्टॉक दर्ज था, जबकि मौके पर 35 बोरियां मिलीं. दुकानदार ने इस संबंध में बताया कि 33 बोरियों के बिल कट चुके हैं लेकिन किसानों ने माल नहीं उठाया है. इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली आर्य और कृषि विभाग का अमला मौजूद रहा.

## कथा सुनने से पुण्य लाभ होता है. पं. अनिल मिश्रा

**पिपरिया, 21 मई.** महाकाली मंदिर समिति एवं हनुमान व्यायाम शाला के संयुक्त तत्वावधान में महाकाली मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है.इसमें पं.अनिल मिश्रा कथा वाचन कर रहे हैं. कथा के दौरान पं.अनिल मिश्रा ने कहा कि पुरूषोत्तम मास में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन एवं उसका श्रवण करना अत्यंत पुण्यदायी मना गया है. कथा सुनने से मनुष्य को आध्यात्मिक शांति और पुण्य लाभ प्राप्त होता है.उन्होने लोगो से धर्म और संस्कारो से जुडे रहने का संदेश दिया. श्रीमदभागवत कथा के दौरान पं. मिश्रा ने समुंद्र मंथन प्रसंग सुनाया.

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित



**हरदा, 21 मई.** जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई.

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने बताया कि राजीव गांधी दूरदर्शी नेता थे. राजीव जी ने युवाओं को 18 वर्ष में मतदान का अधिकार दिया . पंचायती राज लागू किया.वे दूरसंचार क्रांति के जनक रहे है . आज हम पुण्यतिथि के अवसर पर संकल्प लेते है गांव-गांव जा कर राजीव जी के विचारों को रखेंगे. कार्यक्रम में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले, पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, सोनतलाई ब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र बिश्नोई,दिनेश यादव, अनिल बिश्नोई, योगेश चौहान, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रविशंकर शर्मा, इकबाल अहमद ,सूरज सिंह राजपूत, नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी,सहीद खान,हरीश गुप्ता,सुनील गीते,राकेश सुरमा, अंबालाल विश्नोई, मुन्ना पटेल आदि उपस्थित रहे.

# कॉलेज में लगा जागरूकता शिविर

नवभारत न्यूज

**पिपरिया, 21 मई. शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी अवसरो एवं कौशल विकास से जोड़ने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर आधारित एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी दी गई.**

कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ.अनिता सेन ने विद्यार्थियों को योजना की पात्रता,आवेदन प्रक्रिया एवं आनलाइन पंजीयन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की. उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कर योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया. प्राचार्य डॉ.राजीव माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नही बल्कि व्यवहारिक अनुभव भी अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना उनके कॅरियर को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी तथा आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर करेगी. महाविद्यालय स्टाफ की एक बैठक भी आयोजित की गई. जिसमें डॉ.एसके मेहरा ने समस्त प्राध्यापकों एवं स्टाफ से विद्यार्थियों को योजना के प्रति जागरूक करने तथा पंजीयन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया.

# पॉलीटेक्निक के 49 छात्रों को मिला जॉब का ऑफर

▸ टाटा, एल एंड टी, जॉन डियर जैसी कंपनियों में चयन

नवभारत न्यूज

**हरदा, 21 मई. शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज हरदा के छात्रों ने सत्र 2025-26 में प्लेसमेंट में बड़ी कामयाबी हासिल की है.**

डिप्लोमा इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के 49 विद्यार्थियों का कैंपस के माध्यम से देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है. ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी विकास भुमरकर ने बताया कि इस वर्ष टाटा ग्रुप, क्यूमिन्स इंडिया, राल्सन टायर्स, सिग्मा इंजीनियरिंग, डैकिन इंडिया, जॉन डियर इंडिया, हेनरॉक, कृष्णा मारूति, रिलायन्स सोलर, पालिवाल बिल्डकॉन इंफ्रा प्रायवेट लिमिट एवं लारसन एण्ड टर्बो जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों ने कैंपस प्लेसमेंट किया. चयनित विद्यार्थियों को अधिकतम 3.5 लाख रुपये वार्षिक तक का आकर्षक पैकेज मिला है. डिप्लोमा कोर्स पूरा होने से पहले ही जॉइनिंग ऑफर लेटर मिलने से छात्रों में जबरदस्त उत्साह है.

प्राचार्य डॉ. अभिरुचि सिंह ने बताया कि अनुभवी शिक्षकों एवं विभागाध्यक्षों सी. एस. चौहान, विजय निंगवाल, विकास भुमरकर, शुभम अग्रवाल एवं संजू नावडे द्वारा फील्ड विजिट, ट्रेनिंग और सेमिनार के जरिए छात्रों के सर्वांगीण विकास पर फोकस किया जाता है.

इसी का नतीजा है कि हर साल बेहतर प्लेसमेंट हो रहा है. डॉ. सिंह ने बताया कि कॉलेज में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन के माध्यम से या संस्था में आकर नि:शुल्क काउंसलिंग में शामिल हो सकते हैं.

# शिविर में कौशल निखारने का प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी, 21 मई. ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' के अंतर्गत बनखेड़ी क्षेत्र में खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से स्वस्थ रखने और उनके कौशल को निखारने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया जा रहा है.**



यह शिविर सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल बनखेड़ी एवं संत रावतपुरा सरकार हायर सेकंडरी इंटरनेशनल स्कूल बनखेड़ी में आयोजित किया जा रहा है. ब्लॉक खेल समन्वयक देवेंद्र उरहा ने बताया कि शिविर में खिलाड़ियों को खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया जा रहा है.

इसी क्रम में थाना बनखेड़ी की आरक्षक संयोगिता वर्मा एवं रामाधार अहिरवार ने खिलाड़ियों को गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा तथा मोबाइल रेडिएशन के प्रति जागरूक किया. इसके अलावा नशा मुक्ति एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए डॉ. प्रकाश शुक्ला एवं डॉ. प्रवीण केरला द्वारा खिलाड़ियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया. खेल गतिविधियों के अंतर्गत प्रतिभागियों के बीच मैत्री मैच आयोजित कर उनके खेल कौशल को परखा गया.

इस अवसर पर खेल संघ अध्यक्ष सतीश धीरू तिवारी, ब्लॉक खेल समन्वयक देवेंद्र उरहा, नीरज बाथरे, प्रभात पटेल, सुमित पठारिया, आशुतोष कुशवाहा, आकाश मेहरा, अजय प्रजापति, अभिषेक कहार, दीपेश पूर्वी एवं लक्ष्मी खंगार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

# डीएपी की किल्लत से किसान हो रहे परेशान

▸ एनपीके खाद है उपलब्ध

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 21 मई. खरीफ सीजन की तैयारी के बीच किसानों के सामने खाद संकट गंभीर रूप लेता जा रहा है.**

धान की बुवाई से पहले जिले में डीएपी की कमी देखी जा रही है, जिससे अन्नदाताओं को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. डबल लॉक गोदामों में डीएपी की कमी बनी हुई है, जबकि किसानों का कहना है कि उन्हें जरूरत के मुताबिक खाद नहीं मिल रही. ऑनलाइन सिस्टम और ई-टोकन प्रक्रिया ने भी परेशानी बढ़ा दी हैं.इससे किसानों को बार-बार टोकन जनरेट करना पड़ रहा है और समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है.राष्ट्रीय किसान मजदूर किसान संघ के जिला अध्यक्ष राकेश गौर का आरोप है कि जिले में डीएपी का गंभीर संकट है, जबकि बोवनी का समय नजदीक है और इस समय इसकी सबसे ज्यादा जरूरत हैं. वहीं कृषि उप संचालक रविकांत सिंह का कहना है कि जिले में एनपीके खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है. उनके अनुसार एनपीके एक संतुलित उर्वरक है जिसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम होते हैं, जो फसलों की पैदावार और गुणवत्ता बढ़ाने में मदद करता है. विभाग ने किसानों से संतुलित उर्वरक के उपयोग की अपील की है.

# बारदाने की कमी से गेहूं की खरीदी रुकी

नवभारत न्यूज

**पिपरिया, 21 मई. समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान समस्याएं कम नहीं होने का नाम नहीं ले रही है.**

पिपरिया बनखेडी में अभी तक 8 लाख 90 हजार 38 क्विंटल की खरीदी हो चुकी है परंतु पिछले चार दिनों से कुछ सहकारी समितियों में वादराने की कमी के कारण खरीदी नहीं हो पा रही है. पिपरिया क्षेत्र की सहकारी समितियों में 14 केंद्र पर व बनखेड़ी क्षेत्र में 16 केंद्रों पर खरीदी हो रही है. बारदाने की कमी से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी लाइन लगी है. घोघरी, समनापुर, पनारी सहित आसपास के किसानों ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर गेंहू की तुलाई कराने व खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग की. इस दौरान राजेन्द्र पटेल, माधवसिंह, राकेश राय, जमनाप्रसाद,सुरेन्द्र सहित अनेको किसान उपस्थित रहे. एसडीएम आकिप खान ने खंडस्तरीय उपार्जन समिति की बैठक एसडीएम कार्यालय में ली.

इस दौरान तहसीलदार अंजू राजपूत,नीरज बैस,मनोज नामदेव,बनखेडी नायब तहसीलदार रामसिपाही मराबी,जनपद सीईओ,सहायक आपूर्ति अधिकारी मनोज शुक्ला ,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सहित अन्य विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे. इस दौरान उपार्जन की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये.

**योजना** ▸ 30 जून तक चलेगा पीएम किसान निधि ई-केवायसी अभियान

# ग्राम पंचायत स्तर पर लगाए जाएंगे विशेष कैंप

नवभारत न्यूज

**हरदा, 21 मई. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है.**

योजना का लाभ निरंतर प्राप्त करने के लिए हितग्राहियों का ई-केवायसी, आधार लिंकिंग, बैंक खाते का डीबीटी इनेवल तथा फार्मर आईडी अपडेट होना अनिवार्य है. भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब प्रत्येक वर्ष सभी हितग्राहियों का बायोमेट्रिक माध्यम से ई-केवायसी कराया जाना आवश्यक किया गया है. इसके तहत वर्ष 2026 के लिए ई-केवायसी पूर्ण करने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है. जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को समय-सीमा में अभियान पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए गए हैं.

निर्देशानुसार ई-केवायसी की कार्यवाही सीएससी केन्द्रों पर बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के माध्यम से की जाएगी. इसके अतिरिक्त पीएम किसान एप के जरिए फेस रिकग्निशन सुविधा का उपयोग कर स्वयं हितग्राही अथवा वीएनओ (विलेज नोडल ऑफिसर) द्वारा भी ई-केवायसी संपादित की जा सकेगी.

## सीएससी केंद्रों को दिए जाएंगे लक्ष्य

जिला स्तर पर कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों की बैठक आयोजित कर प्रत्येक सीएससी केंद्र को ई-केवायसी का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा. साथ ही टीएल बैठकों में सीएससी केन्द्रों की प्रगति की नियमित समीक्षा भी की जाएगी .योजना के अंतर्गत पटवारियों को वीएनओ नियुक्त किया गया है. पटवारीवार समीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए लंबित प्रकरणों का निराकरण कराया जाएगा. कृषि, पंचायत एवं अन्य विभागों के मैदानी अमले का उपयोग कर अभियान को गति दी जाएगी तथा संबंधित अमले को लक्ष्य आधारित जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी. अभियान के दौरान आधार एवं बैंक खाते की लिंकिंग की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी. इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से भी आवश्यक सहयोग लिया जाएगा.

पंचायत स्तर पर विशेष कैम्प आयोजित होंगे. अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के क्लस्टर बनाकर पंचायत भवनों में विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे. नगरीय निकाय क्षेत्रों में भी आवश्यक प्रचार-प्रसार कर किसानों की सुविधा के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी.

# शिविर में खिलाड़ियों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

▸ ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 21 मई. ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 के अंतर्गत ब्लॉक समन्वयक खेल विभाग महेंद्र पचलानिया ने बताया कि शिविर के दौरान खिलाड़ियों को खेल एवं दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं का सामना करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.**



इसी क्रम में हॉकी टर्फ मैदान पर हॉकी खिलाड़ियों को कराते कोच रोशनी सोनकर द्वारा आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए. उन्होंने बस या भीड़भाड़ वाली जगहों पर असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ या बैड टच की स्थिति में स्वयं की सुरक्षा कैसे करनी चाहिए, इसकी जानकारी देते हुए खिलाड़ियों को प्रैक्टिकल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया.

इस दौरान खेलो इंडिया एवं हॉकी फीडर सेंटर के कोच जयसिंह भदौरिया, पवन कुमार, हरिओम, दीपक पचलानिया तथा सुरेश श्रीवास उपस्थित रहे. वहीं एसएनजी स्कूल के फुटबॉल मैदान एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वॉलीबॉल खिलाड़ियों को खेल के दौरान लगने वाली चोटों के तत्काल उपचार एवं बाद में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी गृहविज्ञान महाविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. धर्मेंद्र गुर्जर द्वारा दी गई. इस अवसर पर राष्ट्रीय वॉलीबॉल निर्णायक एवं कोच बख्तावर खान तथा फुटबॉल कोच कमल ठाकुर भी मौजूद रहे.